तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 दिसंबर 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



11 नेशनल फेलोशिप अवार्ड से एचएम विनोद और मनोज हुए सम्मानित





12 प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल में हुई अलग-अलग प्रतियोगिताएं




## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास जयंती पर 18 को शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देश पर 18 दिसम्बर बुधवार को गुरु घासीदास जयंती पर एक दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने आदेश जारी किया है, जिसके तहत जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों आदि जैसे एफएल–1 (घघ), सीएस–2 (घघ), सीएस–2 (घघ–कम्पोजिट), सीएस 2 (ग–अहाता), सीएस 2 (ग–कम्पोजिट अहाता), एफएल 1 (ख–अहाता) एवं मद्यभण्डारण भाण्डागार को 18 दिसम्बर को संपूर्ण दिवस के लिये सीलबंद किया जाये तथा मदिरा के विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण एवं परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 19 को

**पलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 19 दिसंबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। उक्त कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए पलारी ब्लाक ग्राम वटगन स्थित शासकीय महाविद्यालय में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इसमें मुख्य रूप से डॉ. बीएस ध्रुव खंड चिकित्सा अधिकारी पलारी, राजेश कुमार डहरिया प्रोग्राम मैनेजर, पीआर मार्कण्डेय खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, डॉ.कृपाराम साहू सचिव सर्वविधा चिकित्सा सहायक संघ पलारी, जितेन्द्र साहू संयोजक सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी, चंद्रकांत जलहरे, रासेयो के कार्यक्रम रामप्रकाश जोशी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रक्तदाताओं से रक्तदान करने की अपील की। उक्त जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस ध्रुव एवं जितेंद्र साहू संयोजक सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया है।

### नयापारा में गुरु घासीदास जयंती 18 को

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह नयापारा में 18 दिसंबर बुधवार को संत शिरोमणि घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती का आयोजन सतनाम पारा जैतखाम में रखा गया है। जैतखाम परिषद में सुबह 10 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। शोभायात्रा ग्राम भ्रमण के लिए 2 बजे से 7 बजे तक निकाली जाएगी। राजा गुरु बालकदास अखाड़ा दल धर्मपुरा की कशिश डीजे नया रायपुर प्रस्तुति दी जाएगी। ग्रामीण बालक-बालिकाओं पंथी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर 3 बजे ग्रामीणों द्वारा संजय बंजारे, शत्रुहन पाटिल, भोलाराम सोनवानी, मोहन पुरैना, महेत्तर आशकरण सोनवानी द्वारा पालो चढ़ा कर, मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 10 बजे छोटकू बड़कु छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी माधईपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# प्लेसमेंट कैम्प से 71 आवेदकों का हुआ प्राथमिक चयन, 10 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

## लाइवलीहुड कॉलेज में 297 पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का हुआ आयोजन



लाइवलीहुड कॉलेज सकरी में कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सोमवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में 127 आवेदक उपस्थित हुए, जिसमें से 71 का प्राथमिक चयन एवं 10 आवेदकों को स्थल पर ही नियुक्ति प्रदान किया गया।

जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु लाइवलीहुड कॉलेज सकरी में सोमवार को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा प्राप्त 297 पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। अलर्ट सेक्यूरिटी रायपुर द्वारा – सेक्यूरिटी गार्ड के 50 पद, 10 पद महिला गार्ड हेतु, मार्केटिंग (पुरूष) के 8 पद, कम्प्यूटर आपरेटर के 4 पद, कारपेंटर (पुरुष) के 4 पद, सुपरवाइजर (पुरुष) के 5 पद, हेतु कुल 30 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें से 20 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर अपने संस्थान पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। इंडिया हेल्प पॉइंट रायपुर रायपुर द्वारा – एक्सक्यूटीव के 30 पद, सुपरवाइजर के 30 पद, मैनेजर के 5 पद, हेतु 34 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें से 10 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं 8 आवेदकों को स्थल पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, ▸▸ शेष पेज 11 पर

### आवेदकों को 7 दिवस के अंदर अपने संस्थान पद उपस्थित होने निर्देशित किया गया है

इस प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक भारतीय जीवन बीमा निगम भाटापारा द्वारा– बीमा अभिकर्ता के 20 पद, बीमा सखी (केवल महिला) के 20 पद, हेतु 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 21 आवेदकों का प्राथमिक चयनित कर अपने संस्थान में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। मिसो कोरियर ऑफिस बलौदाबाजार द्वारा – मैनेजर के 1 पद, डिलिवरी बाय के 10 पदों पर 18 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 9 आवेदकों का प्राथमिक चयन एवं 2 आवेदकों को स्थल पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, शेष आवेदकों को 7 दिवस के अंदर अपने संस्थान पद उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

# महाराष्ट्र से 27 बंधक मजदूरों की सकुशल घर वापसी

**पहल**

**परिजनों ने जिला मुख्यालय के सम्पर्क केन्द्र में बंधक बनाने की दर्ज करायी थी शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



जिला प्रशासन द्वारा संचालित सम्पर्क केन्द्र से लोगों की अनेक समस्याओं का समाधान कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में हो रहा है। सम्पर्क केंद्र बंधक मजदूरों के लिए भी घर वापसी का कारगर माध्यम बन गया है। तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम परसाभदेर के 17 मजदूरों को महाराष्ट्र के ग्राम कोपरा, तहसील, अम्बाजोगाई जिला–बीड़ में बंधुआ बना कर काम लिए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सम्पर्क केन्द्र द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग एवं श्रम विभाग से समन्वय कर 13 दिसम्बर को उक्त मजदूरों को बंधक मुक्त कराया गया है और 15 दिसम्बर को सकुशल घर पहुंच गए है। इसमें 10 मजदूर बिलासपुर जिले के भी है। ठेकेदार के चंगुल से मुक्त होने पर मजदूरों ने सोमवार को कलेक्टर दीपक सोनी से भेंट कर प्रशासन के प्रति ध्यनवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने सभी मजदूरों को स्थानीय स्तर पर ही रोजी मजदूरी करने की सलाह दी।

मजदूरों ने बताया कि जय आनंद काम्बले नामक व्यक्ति द्वारा मजूदरों को अधिक राशि का लाभ देकर बुलाया गया। मजदरों के वहां पहुंचने के कुछ दिनों तक बिना काम कराये रखा गया। लगभग 10 दिन बाद जय आनंद काम्बले द्वारा मजदरों को परमेश्वर नामक व्यक्ति के अधीन कार्य करने के लिए छोड़ दिया, जहां मजदरों से अमानवीय तरीके से कार्य कराया जाता था।

### एक ठेकेदार ने दूसरे को 3 लाख में बेच दिया था

मजदूरों द्वारा विरोध करने पर उनको ज्ञात हुआ कि जय आनंद काम्बले ने 3 लाख रूपए में परमेश्वर को बेच दिया है। मजदरों ने इस घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। तत्पश्चात परिजनों द्वारा बलौदाबाजार में कलेक्टर दीपक सोनी के नवाचारी पहल के तहत संचालित सम्पर्क केन्द्र में सम्पर्क कर सम्पूर्ण घटना का विवरण दिया। बंधक मजदूरों में पीयेन्द्र मनहरे, सावित्री मनहरे, सुरजा मनहरे, सुहानी मनहरे, साधना मनहरे, निलेश मनहरे, कन्हैया मनहरे, आशीन मनहरे, राजकुमारी, दशरथ, सागर जोसेफ सहित 17 अन्य. एवं बिलासपुर जिले के 10 मजदूर शामिल हैं।

# शशिभूषण छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगढ़

ग्राम–कैथा निवासी साहित्यकार कवि शशिभूषण स्नेही राजधानी रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में उनके छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ी अस्मिता को समर्पित साहित्य लेखन हेतु छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भी स्नेही को उनके साहित्यिक योगदान एवं उपलब्धियों के लिए दर्जनों विशेष साहित्यिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। अंचल एवं परिक्षेत्रभर के जनमानस एवं उनके शुभचिंतकों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। सम्मान समारोह में आस्ट्रेलिया से अंजू देवांगन, वरिष्ठ साहित्यकार गिरिश पंकज, वैभव बेमेतिहा सहित अनेक लब्ध प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। विविध क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा ▸▸ शेष पेज 11 पर

# सुशासन के एक वर्ष होने पर वन चौपाल में गिनाई गई सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों का प्रचार–प्रसार किया गया। वन विभाग द्वारा बलौदाबाजार वनमंडल अंतर्गत कार्यरत सोनाखान, देवपुर, बल्दाकछार, बलौदाबाजार एवं बारनवापारा के 100 वन प्रबंधन समितियों में वन चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर सुशासन के एक वर्ष की उपलब्धि गिनाई गई। वन चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर वन विभाग द्वारा आमजनों को वन प्रबंधन समिति के खाते में उपलब्ध राशि के माध्यम से व्यक्ति विकास, सशक्तिकरण एवं रोजगारमूलक कार्य हेतु राशि दिए जाने की जानकारी प्रदान की गई। लघु वनोपज के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी, वन्यप्राणी द्वारा किए जाने वाले फसल ▸▸ शेष पेज 11 पर

### उपार्जन केंद्र अर्जुनी में किसानों का हुआ सम्मान

**अर्जुनी।** स्थानीय सहकारी समिति अर्जुनी के धान उपार्जन केंद्र में प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 16 दिसंबर को किसानों का श्रीफल एवं गुलाल लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राधिकृत अध्यक्ष जवाहर लाल वर्मा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरीश चतुर्वेदी, समिति प्रबंधक मुक्तानंद वर्मा, संतोष वर्मा, मुखित साहू, चक्रधर वर्मा, दिलीप ध्रुव, अशोक देवांगन, मंतराम, परदेसी साहू, तोमेश वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, अमिता यादव, सोनू वर्मा, संजय रजक सहित बड़ी संख्या में किसान और समिति के कर्मचारी मौजूद थे।



# 131 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

- यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के वाहन जब्त कर न्यायालय के समझ प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। इसी क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी यातायात पुलिस द्वारा की जा रही है। कार्रवाई में रेड सिग्नल जम्प कर वाहन चलाना, ओवर स्पीड कर वाहन चलाना, ओवरलोडिंग कर वाहन चलाना, मालवाहक में सवारी ले जाना, मोबाइल से बात करते वाहन चलाना, हेलमेट पहने बिना वाहन चलाना, बिना सीट बेल्ट लगे वाहन चलाना, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले के साथ–साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर ▸▸ शेष पेज 11 पर

### शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए 19 चालक

**बलौदाबाजार।** जिला पुलिस सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रविवार को शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग–अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 19 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा, जिनके विरुद्ध कार्रवाई कर उनके वाहन जब्त किए गए हैं। उक्त जब्त सभी 19 वाहन चालकों पर विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 5, यातायात कसडोल द्वारा 4, यातायात भाटापारा द्वारा 5 एवं यातायात सिमगा द्वारा 5 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार यातायात पुलिस ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें, किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलाये।

## नपा एवं नपं में वार्डों का आरक्षण 19 को

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ नगर पालिका नियम 1994 के प्रावधान अनुसार नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत निर्वाचन हेतु वार्डों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओ का आरक्षण विहित प्राधिकारी द्वारा गुरुवार 19 दिसम्बर न्यायलय कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा में किया जाएगा। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के 21 एवं नगर पंचायत टुंडरा के 15 वार्ड का आरक्षण 19 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे, नगर पालिका परिषद भाटापारा के 31 एवं नगर ▸▸ शेष पेज 11 पर

# 10 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस चौकी सोनाखान ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को सोनाखान चौकी की पुलिस टीम ने घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 1 आरोपी रामगोपाल यादव 52 वर्ष निवासी कौहाकुड़ा चौकी सोनाखान थाना कसडोल के शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 2000 कीमत मूल्य की 10 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध चौकी सोनाखान थाना कसडोल में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## रक्तदान, कुष्ठ, रक्त जांच जैसे विभिन्न रोगों की हुई जांच, विकलांगों को छड़ी व वॉकर का वितरण हुआ

# स्वास्थ्य मेले में 700 से अधिक लोग हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज के साथ शासन द्वारा संचालित निक्षय निरामय योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना जैसे अनेक महत्वपूर्ण शासन की योजनाओं के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला में पहुंचने वाले मरीजों को सुविधा प्रदान की गई। विकलांगों को वॉकर व छड़ी का भी वितरण किया गया। रक्तदान करने वाले को जिला स्तरीय अस्पताल अंतर्गत प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। सर्वधर्म रक्तदान समूह द्वारा आनन्द कुर्रे ने सहायता शिविर में सहायत प्रदान की। कुष्ठ जांच के लिए कमलेश अजगले, आयुष्मान काउंटर पर सुशील वर्मा, फिजियोथेरेपी यसवंत लक्ष्मे, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ वर्मा, दंत चिकित्सा डॉ. अरुण इक्का, लैब जांच संतोष वर्मा, आंख जांच किस्मत कुमार गुलेरी, ब्लड विभाग अंशुल सिंह, एचआईवी जांच फरहत मिर्जा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा के स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी।

- सामुदायिक केंद्र में लगा ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला

## भारत सरकार का मोबाइल एप आभा की दी गई विस्तार से जानकारी

### बीएमओ माहेश्वरी ने शिविर में गिनाई सुविधाएं




भाटापारा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने स्वास्थ्य मेला के बारे में विभिन्न जानकारियां प्रदान करते हुए बताया कि भाटापारा के सरकारी अस्पताल में विशाल शिविर लगाकर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को स्वास्थ्य लाभ ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराना उद्देश्य है, जिसका लाभ लगभग 700 से अधिक लोगों को मिला। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में 17 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच की गई, जिसमे कुल ओपीडी 566, जिसमे टीबी स्क्रीनिंग 502, खखार जांच 6, टी बी पॉजिटिव की संख्या 1, स्क्रीनिंग मधुमेह 566, उच्च रक्तचाप 566, ओरल कैंसर 566, कुष्ठ जांच 6, दंत रोग 75, सिकलिंग जांच 12, एचआईवी जांच 26, नेत्र जांच ओपीडी 60, मोतियाबिंद के 10 मरीजों की जांच की गई। इसी तरह 18 आयुष्मान कार्ड, गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग 566 की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का मुख्य परीक्षण किया गया। बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत निःशक्त हितग्राही 15 को छड़ी प्रदान की गई। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं चिंता, चिड़चिड़ापन, उदासी, तनाव। इस शिविर में विशेष रूप से नशा मुक्ति की काउंसिलिंग तंबाकू एवं नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### आभा एप दिलाएगा पर्ची की लंबी लाइनों से छुटकारा

भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड बॉय एवं आभा मोबाइल एप प्रभारी दीपेश कुमार यादव ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को पर्ची बनाने के लिए लंबी-लंबी लाइनों का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा आभा एप मोबाइल में लॉन्च किया गया है, जिसे रजिस्टर्ड कर अस्पताल में लगे क्यू आर कोड को स्कैन करने के बाद आपको तुरंत पर्ची प्राप्त हो जाएगी, जिससे आप लंबी लाइने एवं असुविधाओं से बच सकते हैं। इसके लिए सरकारी अस्पताल में जागरूकता के रूप में रोजाना आने वाले मरीजों को जानकारी एवं उनके मोबाइल में एप डाउनलोड कर दिया जा रहा है।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# बीडीएस सीटों पर एडमिशन की छठवीं कोशिश, इस बार 42 फीसदी अंक वालों को भी मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राज्य के एकमात्र शासकीय और निजी डेंटल कॉलेज की करीब 580 सीटों पर एडमिशन दिलाने में काउंसिलिंग टीम के पसीने छूट चुके हैं। प्रवेश की अंतिम तारीख 16 दिसंबर तक बढ़ाए जाने की वजह से इसके लिए छह बार कोशिश जा रही है। इस बार निजी कालेजों की प्रबंधन सीटों पर प्रवेश के लिए नीट में 42 फीसदी अंक पाने वाले को भी मौका दिया गया है।

राज्य में एमबीबीएस-बीडीएस की सीटों पर एडमिशन के लिए नवंबर से काउंसिलिंग शुरू हुई थी। एमबीबीएस का प्रवेश मॉपअप राउंड के साथ पूरा हो गया था, मगर बीडीएस की सीटों पर प्रवेश का काम आधा भी नहीं हुआ था। अंतिम तारीख को ध्यान में रखते हुए खाली सीटों की पूर्ती के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की काउंसिलिंग कमेटी द्वारा लगातार स्ट्रे वेकैंसी राउंड का आयोजन किया जाता रहा। दो नियमित और एक मॉपअप राउंड के बाद नया पंजीयन के माध्यम से दो स्पेशल वेकैंसी राउंड पूरी की गई थी।

इसके बाद भी तीन निजी मेडिकल कालेज में प्रबंधन कोटे की कुल 9 सीट बच गई थीं। इसे तीसरे राउंड में शामिल किया गया और पंजीयन के आधार पर वरीयता प्रदान कर नीट में सफल नौ विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई। अंतिम बार 720 अंकों की नीट परीक्षा में 170 यानी 42 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र को भी दांतों के इलाज की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया गया है। दंत चिकित्सा परिषद द्वारा एडमिशन की अंतिम तारीख 16 दिसंबर तय की गई है।

### बरसों से नहीं खुले नए कालेज

राज्य में एमबीबीएस सहित पीजी की पढ़ाई के लिए राज्य में मेडिकल कालेजों की संख्या पंद्रह हो चुकी है, मगर डेंटल कालेजों की संख्या सालों से जस के तस यानी कुल 6 ही है। यहां एकमात्र शासकीय मेडिकल कालेज का संचालन होता है, वहीं पांच निजी कालेज हैं। इन कालेजों की सीटों पर एडमिशन के लिए काफी कोशिश करनी पड़ती है, जिसे देखते हुए इन कालेजों में यूजी की सीट बढ़ाने के लिए भी किसी तरह का दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती है।




- स्ट्रे वेकैंसी-3 राउंड में नौ सीटें शामिल, पंजीयन तिथि के आधार पर वरीयता
- राज्य और प्रबंधन कोटे की करीब 580 सीटों पर प्रवेश दिलाने में पसीना छूटा

### सरकारी सेक्टर में बेहद कम मौके

सूत्रों के मुताबिक, बीडीएस की पढ़ाई करने के बाद सरकारी सेक्टर में काम करने के मौके बेहद सीमित हैं, जिसकी वजह से इस पढ़ाई की तरफ आकर्षण कम है। अस्पतालों में डेंटिस्ट के एक अथवा दो पद होते हैं। इसी तरह शासकीय डेंटल कालेज की संख्या भी बेहद कम है। निजी प्रेक्टिस के दौरान दांतों का इलाज करने के लिए उपकरण भी काफी महंगे हैं, जिसकी वजह से कम विद्यार्थी इस पढ़ाई के लिए अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

## खबर संक्षेप



### प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण भारतीय ज्ञान परंपरा के पोषण के लिए जरूरी

**रायपुर**। वैभव प्रकाशन स्थित संगोष्ठी कक्ष में भोपाल के दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के अध्यक्ष रामराव बावनकर ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण भारतीय ज्ञान परंपरा के पोषण के लिए आवश्यक है। संगोष्ठी में उन्हें छत्तीसगढ़ के कवि नारायणलाल परमार की दो पांडुलिपि संरक्षण के लिए उनकी परिवार के सदस्यों ने प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ इतिहासविद डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने की। संगोष्ठी का संचालन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सौ से अधिक पांडुलिपियों का संग्रह किया गया है और शीघ्र ही इनका पुनः प्रकाशन किया जा रहा है। इस कड़ी में बलदेव प्रसाद मिश्र की प्राचीन कृति छत्तीसगढ़ परिचय का आज लोकार्पण हो रहा है। गोष्ठी में अशोक तिवारी, स्मिता, अखिलेश, सुरेंद्र रावल, राजेन्द्र ओझा, डॉ. मृणालिका ओझा, माणिक विश्वकर्मा, निमिष परमार, शुभेंद्र आदि उपस्थित थे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, सिख समाज ने जताया विरोध

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिघोत्रा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे अत्याचार, मारपीट, हत्या, लूटमार की घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द सख्त कदम उठाते हुए हिंदुओं को बचाने के लिए कोई बड़ा कदम उठाएं। छत्तीसगढ़ सिख समाज की मांग है कि एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए, जो वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की वस्तुस्थिति मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने लाए और हिंदुओं को सुरक्षित बांग्लादेश में रहने या हिंदुस्तान लाने की व्यवस्था करे। छत्तीसगढ़ सिख समाज का यह भी मानना है कि हिंदुस्तान से सभी राजनैतिक पाटियों का सर्वदलीय डेलिगेशन-प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए और वहां की स्थिति का अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के सामने रखकर, वहां के हिंदुओं से और वहां की सरकार से वस्तुस्थिति पर चर्चा कर पूरी दुनिया के सामने लाना चाहिए साथ ही जब तक बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं किया जाता, तब तक भारत को बांग्लादेश से व्यापारिक आदान–प्रदान हर तरह से बंद कर देना चाहिए।

### महिलाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**रायपुर**। गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से सतनामी समाज की महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। महिला समिति की चंपादेवी गेंदले ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवतियों के लिए मटकाफोड़, मेहंदी, बैलून प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ तथा एकल व सामूहिक नृत्य होगा। वहीं बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता व डांस स्पर्धा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में सतनामी समाज की सभी बहनों को शामिल होने आग्रह किया गया है।

### 2023-24 में मंडल ने 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया

# 24 करोड़ यात्रियों से सालभर में 542 करोड़ की कमाई, मालभाड़े से इससे पांच गुना ज्यादा आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**मालगाड़ी से लोडिंग करने में भारतीय रेलवे का 9वां सबसे अधिक लोडिंग डिवीजन बन चुका है रायपुर मंडल**

भारतीय रेलवे में बीते 5 सालों से लगातार राजस्व बढ़ रहा है, जिसके पीछे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल का योगदान भी टॉप 10 डिवीजन में शामिल है। रेलवे इन दिनों यात्री ट्रेनों के किराए से अधिक कमाई लोडिंग से कर रहा है। पिछले वर्ष की तरह वर्ष 2024-25 में भी रायपुर मंडल का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है।

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि ने जब मंडल के राजस्व आंकड़ों का अध्ययन किया तो पता चला कि रायपुर भारतीय रेलवे का 9वां सबसे अधिक लोडिंग डिवीजन बन चुका है। मंडल 2023-24 में 48.22 और वर्तमान में 2024-25 के लिए 51.50 मीट्रिक टन लोडिंग कर चुका है, जिससे अभी तक कमाई नवंबर 24 तक 3119.11 करोड़ तक हो चुकी है। बता दें कि रायपुर मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष में 5154.86 करोड़ की कमाई कर सभी को चौंका दिया था। इस बार भी मार्च तक लोडिंग से कमाई 6 हजार करोड़ तक पहुंच सकती है।



फाइल फोटो

- रायपुर मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष में 5154.86 करोड़ की कमाई कर सभी को चौंका दिया था
- इस बार भी मार्च तक लोडिंग से कमाई 6 हजार करोड़ तक पहुंच सकती है

### यात्री किराए से अधिक लोडिंग में कमाई

मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों के लगातार रद्द होने के बाद भी यात्रियों से कमाई बीते पांच वर्षों से अधिक है। वर्तमान में रायपुर मंडल से 110 ट्रेनें गुजरती हैं, जिसमें 2023-24 में 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को रेलवे ने गंतव्य स्थल तक पहुंचाया। इससे रेलवे को 542.47 करोड़ का राजस्व मिला है। मंडल ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में 3 करोड़ 37 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाया था, इससे रायपुर रेलमंडल को 462 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वित्तीय वर्ष में 2016-17 में करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस तरह रायपुर मंडल की यात्री किराए से पांच गुना अधिक कमाई लोडिंग से हो रही है। लोडिंग में प्रमुख वस्तुओं में सीमेंट और क्लिंकर, कुल लोडिंग का लगभग 50 प्रतिशत लौह अयस्क, स्टील और खाद्यान्न शामिल हैं।

### इस बार आरपीएफ ने भी बढ़ाया राजस्व

वर्ष-2024 में माह नवंबर तक मिशन रेल सुरक्षा के तहत रेलवे संपत्ति, अवैध कब्जा अधिनियम के 57 मामलों में 122 अपराधियों को गिरफ्तार कर 4,96,473 रुपए की रेलवे संपत्ति की बरामदगी की गई है। वर्ष-2024 में माह नवंबर तक रेलवे अधिनियम के 16150 मामलों में 16087 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिस पर रेल न्यायालय द्वारा 33,59,335 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। वर्ष-2024 में माह नवंबर तक मिशन यात्री सुरक्षा के तहत यात्री सामानों की चोरी/अन्य मामलों में 106 अपराधियों की गिरफ्तारी व 34,90,199 रुपए की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाई है। वर्ष-2024 में माह नवंबर तक आपरेशन नारकोस के तहत मादक पदार्थ के परिवहन पर रोक लगाते हुए 35 अपराधियों की गिरफ्तारी व 1,24,17,520 रुपए की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाई है। नवंबर तक आपरेशन सतर्क के तहत अवैध शराब के परिवहन पर रोक लगाते हुए 8 अपराधियों की गिरफ्तारी व 2,38,545 रुपए की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाई है।

# महाविद्यालयों में प्राध्यापक नहीं सुरक्षा को लेकर छात्राएं चिंतित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, गिनाईं समस्याएं

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 13 से 17 दिसंबर तक भाजपा सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत छात्र हित के मुद्दों को लेकर रविवार को एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट चौक में आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष बैठकर छात्रों ने यह प्रदर्शन किया। इस दौरान एनएसयूआई ने कहा, भाजपा सरकार की नाकामी के एक साल पूरे हो गए हैं, जिसमें प्रदेश के छात्र-छात्राएं अपने आपको असहाय महसूस कर रहे हैं। स्कूल-कॉलेजों में शिक्षक-प्रोफेसर नहीं हैं। 33 हजार शिक्षकों की भर्ती के नाम पर धोखा दिया गया। किसी भी सरकारी विभाग में भर्ती नहीं निकल रही है। कॉलेजों में सीट नहीं बढ़ रही हैं। एनएसयूआई ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं, प्रदेश में अराजकता की स्थिति है। असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं समेत माता-बहनें असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महामंत्री हेमंत पाल, संकल्प मिश्रा, निखिल वंजारी, कुणाल दुबे, अंकित पांडे, आयुष अग्रवाल, वैभव मुजेवार, रजत ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

एनएसयूआई के प्रदर्शन के बाद यूथ कांग्रेस द्वारा सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगातार बढ़ती हुई आपराधिक गतिविधियां, नशे का कारोबार, युवाओं में निराशा सहित अन्य जमीनी मुद्दों को लेकर यूथ कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा प्रियदर्शनी नगर, तेलीबांधा चौक, लाखे नगर चौक, संतोषी नगर चौक, कुशालपुर चौक सहित रायपुर के प्रमुख चौक में लगातार यातायात की अव्यवस्थाओं से हो रहे दुर्घटनाओं के संबद्ध में विरोध दर्ज किया जाएगा। यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन भी कलेक्ट्रेट चौक में ही होगा।

## मासूम बच्चे को मिले माता-पिता

**रायपुर**। महिला आयोग के प्रयासों से एक मासूम बच्चे को उसकी मां मिल गई। कुछ दिनों पूर्व आवेदिका ने महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति शराब की नशे में बहुत ज्यादा मारपीट करता है, उसके बड़े बेटे को घर से निकाल दिया है और मात्र 4 माह के दुधमुंहे बच्चे को छीनकर अपने बड़ी बहन के पास झांसी उत्तरप्रदेश में छोड़ आया है। पिछली सुनवाई में पति ने अपनी गलती स्वीकारी और आयोग के निर्देश पर बच्चे को लेकर आयोग में उपस्थित हुआ। महिला आयोग अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक की समझाइश पर पति-पत्नी का रिश्ता फिर से जुड़ा और एक मासूम बच्चे को उसकी मां मिल गई। आयोग ने सुलह कराते हुए इस प्रकरण में एक काउंसलर को सालभर के लिए नियुक्त किया है जो समय-समय पर उनसे पूछताछ करते रहेंगी।




## विधायक सोनी ने किया सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन

**रायपुर**। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निगम जोन-5 पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित मैत्रीनगर में सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन रविवार को किया गया। विधायक सुनील सोनी ने पार्षद मृत्युंजय दुबे की उपस्थिति में 21 लाख 60 हजार रुपये की स्वीकृत लागत एवं सुंदर नगर मुख्य द्वार मार्ग पर 10 लाख 40 हजार की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

# देवांगन कर्मचारी-अधिकारियों का वेब पोर्टल विमोचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

देवांगन समाज के कर्मचारी-अधिकारियों का वेब पोर्टल विमोचन कार्यक्रम रविवार को राजधानी के पुरानी बस्ती स्थित अग्रवाल समाज के सभा भवन में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय महासमुंद रामजी देवांगन, कार्यक्रम अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राचार्य धनेंद्र मेहर, संचालक भू-अभिलेख इंद्रावती भवन विनीत नंदनवार रहे। शुरुआत में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज देवांगन ने कार्यक्रम का उद्देश्य व रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रांतीय सचिव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रकोष्ठ के तकनीकी विशेषज्ञ वेब पोर्टल निर्माता हेमचंद्र देवांगन ने पोर्टल संचालन संबंधित जानकारियां मंच के समक्ष साझा करते हुए बताया, प्रदेश के समस्त स्वजातीय कर्मचारी-अधिकारियों के बीच आपसी सौहार्द्रपूर्ण संबंधों को मजबूती प्रदान कर उनके बीच भाईचारे की भावना विकसित करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। सभा में प्रकोष्ठ के पदाधिकारी दीपक देवांगन, धनेश्वर देवांगन, डॉ. एसपी देवांगन, मेहतर देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, मोहनलाल देवांगन, श्रवण देवांगन, गोविंद देवांगन, प्रवीण देवांगन सहित प्रदेशभर से स्वजातीय शासकीय कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन फान्या देवांगन एवं मनोज देवांगन ने किया।

# एयरपोर्ट की दीवार फांद एटीसी टॉवर तक पहुंचा नशेड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट की सुरक्षा को धता बताते हुए एक नशेड़ी दीवार फांदकर भीतर दाखिल हो गया और सीधे एटीसी टॉवर तक पहुंच गया। स्टाफ की नजर उस पर पड़ी तो हल्ला मच गया। सरायपाली के एक गांव में रहने वाले नशेड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आदतन नशेड़ी और घुमंतू है, जो एयरपोर्ट तक पहुंच गया था।

- कर्मचारी भौंचक, सीआईएसएफ के जवानों ने पकड़ा

माना थाना प्रभारी ने बताया कि सीआईएसएफ जवान की शिकायत पर सरायपाली के तेंदुकोना निवासी आरोपी पारसमणि ध्रुव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी शुक्रवार की शाम एयरपोर्ट की सुरक्षा को चकमा देते हुए भीतर घुस गया था। दीवार फांदकर अंदर आने के बाद वह बेरोकटोक सीधे एटीसी टॉवर तक पहुंच गया। वहां के स्टाफ की नजर उस पर पड़ी तो हल्ला मचा और सुरक्षा में तैनात जवानों की नजर उस पड़ी। आनन-फानन में उसे पकड़ा गया और मामले की सूचना माना थाने को दी गई। पुलिस उसे अपने साथ ले गई और काफी देर तक पूछताछ करती रही, मगर उसके खिलाफ किसी गंभीर प्रकरण का पता नहीं चला। थाना प्रभारी का कहना है, नशे की वजह से वह घुमंतू हो चुका है और घर से बिना कुछ बताए निकल जाता है। माना जा रहा है कि अपनी धुन में भटकते हुए वह विमानतल तक पहुंच गया होगा।



### प्रतिबंधित स्थल तक कैसे पहुंचा?

*सूत्रों के अनुसार, पारसमणि जिसे इलाके तक पहुंच गया था, वहां आम लोगों का आना-जाना प्रतिबंधित है। कोई भी शख्स एटीसी टॉवर तक तभी पहुंच सकता है, जब उसे सिक्योरिटी क्लीयरेंस मिल जाता है। नशेड़ी तमाम व्यवस्था के बचकर कैसे वहां तक पहुंच गया, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं।*

## साहू समाज की बाइक रैली 7 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित भामाशाह छात्रावास में विगत दिनों बैठक हुई। जहां राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाइक रैली को लेकर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रदेश संयोजक पवन साहू ने बताया कि बाइक रैली युवा प्रकोष्ठ के साथियों द्वारा निकाली जाएगी, जो कि राजधानी रायपुर के तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होकर राजिम में समाप्त होगी। साथ ही इस बाइक रैली का समाजजनों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए।

## सिंधी काउंसिल के आयुष्मान कैंप में 840 नागरिकों ने बनवाए कार्ड

**रायपुर**। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई और स्वास्थ विभाग की ओर से तीन अलग-अलग स्थानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, 840 लोगों ने शिविर का लाभ लिया और आयुष्मान शिविर में कार्ड बनाकर तुरंत दिए गए।

सभी बुजुर्गों ने आभार जताया। समाज के अमर गिदवानी ने कहा कि लोगों की मदद करने शिविर लगाया गया था। देवेंद्र नगर सिंधी पंचायत के किशोर आहूजा, गोविंद मंशारामनी, सोनू साधवानी, अल्पेश पोपटानी, रितेश वाधवा, राजकुमार सोनी, जगदीश अजवानी सक्रिय रहे। दूसरा कैंप तेलीबांधा गली नंबर-2 में लगाया गया, जहां महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी, सुनील कुकरेजा, संजय रहेजा, विक्की लोहाना, मानसी कुकरेजा, रीत खियानी समेत अन्य सक्रिय थे। तीसरा कैंप अरविंद दीक्षित वार्ड में लगाया गया, जहां सचिन मेघानी, मनीष थारानी, दिव्यांश सक्सेना ने सक्रिय रूप से भागीदार रहे।




# नक्सलवाद से निपटने के प्रयासों की समीक्षा करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को जगदलपुर स्थित अमर वाटिका में सुबह 10.30 से 11.15 बजे तक अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे एवं शहीद परिवारों और हिंसा में मृत व्यक्तियों के परिजनों से चर्चा करेंगे। चर्चा के बाद वहां पर सुरक्षा बल के जवानों के साथ बैठक के लिए किसी बेस कैंप में जाएंगे। यह कार्यक्रम गोपनीय रखा गया है।

- बस्तर के बेस कैंप में सुरक्षा बल की लेंगे बैठक



बताया गया है कि सुबह 11.30 बजे जगदलपुर से गुप्त स्थान के लिए रवाना होंगे। वहां के किसी बेस कैंप में जाकर केंद्रीय गृहमंत्री सुरक्षा कैंप में जवानों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 12.30 से 2 तक वहां पर गुप्त बैठक करेंगे। दोपहर 3 बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। रायपुर लौटने के बाद, मे-फेयर रिजॉर्ट में शाम 4.15 से 5.45 बजे तक वे एलडब्ल्यूई की बैठक में भाग लेंगे। बैठक में नक्सलवाद से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक भी लेंगे। बैठक के बाद वे शाम 6 बजे रायपुर एयरपोर्ट से दिल्ली लौटेंगे।

### सुरक्षा बलों की रणनीतिक बैठक

बताया जा रहा है कि नक्सलवाद को लेकर सुरक्षा बलों के अधिकारियों की पहले दो बैठकें छत्तीसगढ़ में ले चुके हैं। अभियान में मिली सफलता के बाद आगे ऐसे स्थानों को टार्गेट करने की रणनीति बनेगी, जहां तक पुलिस फोर्स नहीं पहुंच पाई है। वहां दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर और सीमावर्ती राज्यों में स्थापित बेस कैंपों के बीच समन्वय तथा अन्य रणनीति पर विचार करने के आसार हैं।

# कांग्रेस ने बनाई सत्र की रणनीति हर रोज लाएंगे काम रोको प्रस्ताव

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र हंगामेदार होने की पूरी संभावना है। कांग्रेस सत्र के दौरान धान खरीदी, किसानों के मुद्दों और लोहारीडीह, शराब मनपसंद एप, कानून व्यवस्था की स्थिति और अन्य मामलों को लेकर हंगामा करेगी। विधायक दल की बैठक में पूर्व मंत्री और पूर्व विधायकों को भी बुलाया गया था। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में हुई विधायक दल की बैठक में कांग्रेस के नए विधायकों को मामले उठाने के गुर सिखाए गए। पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने भी सदन में मंत्रियों को घेरने सवाल करने का तरीका बताया। सत्र के दौरान कांग्रेस हर दिन एक काम रोको प्रस्ताव के माध्यम से सरकार के कामकाज को सामने लाएगी। विधायकों को सरकार के हर विभाग की खामियों को सदन में अनुपूरक बजट और अन्य माध्यमों के जरिए रखने की रणनीति बनाई गई। विधायक दल की बैठक में यह तय हुआ कि चर्चा में भाग लेने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सदन में हर मामले में सरकार की ओर से जवाब आए, ऐसा प्रयास किया जाएगा। लोहारीडीह और अन्य मामलों को प्रमुखता से उठाने सभी तथ्यों को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं धान खरीदी में सभी जिलों की रिपोर्ट पर चर्चा के आधार पर इसे पहले ही दिन लाने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देने वाले तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद**। लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले तीन लोगों के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने वार्ड नं 13 के घर में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे किशन सिंह पिता गंभीर सिंह (52 वर्ष), कांतुराम उर्फ कार्तिक रात्रे पिता सुखरूराम रात्रे (40 वर्ष) और ग्राम सुनसुनिया के लूमकरण नायक पर कार्रवाई की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नौगड़ी में लगा पंजीयन नवीनीकरण शिविर

**महासमुंद**। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगड़ी में श्रमिकों के लिए पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें श्रमिकों की बड़ी संख्या ने भाग लिया। शिविर में नया पंजीयन 30 श्रमिकों का किया गया, जबकि 07 श्रमिकों का पंजीयन नवीनीकरण संपन्न हुआ। शिविर में 70 से 80 श्रमिक उपस्थित रहे। शिविर के दौरान उपस्थित श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित श्रम योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### चार किलो गांजा के साथ तस्कर पकड़ा गया

**रायपुर**। तेलीबांधा इलाके में ढाबे के पास गांजा बिक्री करने वाले तस्कर संजू उर्फ संजय मराठा को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्रीन लाइट ढाबा के समीप बाइक पर एक युवक संदिग्ध हालत में बैठा है। पुलिस ने हुलिए के आधार पर पकड़कर उससे पूछताछ की तो गांजा बिक्री का मामला सामने आ गया।आरोपी संजू तेलीबांधा इलाके का ही रहने वाला है, उसके पास से चार किलो से अधिक गांजा जब्त हुआ है, जिसकी कीमत 48 हजार रुपए बताई गई है। उसकी बाइक भी जब्त कर ली गई है।

### आपसी विवाद पर युवती की पिटाई

**रायपुर**। आपसी विवाद पर तेलीबांधा इलाके में युवक ने एक युवती की पिटाई कर दी। मामला गरमाने के बाद पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की है। युवती मोनिका डीडीनगर इलाके में रहने वाली है और आरोपी मनीष साहू से पुरानी जान-पहचान है। आपसी बातचीत के दौरान मनीष आपा खो बैठा और युवती की पिटाई कर दी।

### घर के सामने से बाइक उड़ा ले गए चोर

**रायपुर**। राजधानी में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। सूने मकानों के ताले टूट रहे हैं और सड़कों पर खड़ी बाइक भी चोरों के निशाने पर है। शुक्रवार को डीडीनगर के विकास विहार कालोनी में खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। प्रार्थी यशवंत श्रीवास को चोरी की जानकारी तब हुई, जब वह घर से बाहर निकला। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी जांच कर रही है।

### पूर्व विधायक देवती कर्मा के निवास की दीवार से भिड़ी कार बाल-बाल बचे सुरक्षाकर्मी

**रायपुर**। वीआईपी इलाके में तेज रफ्तार से दौड़ रही कार पूर्व विधायक देवती कर्मा के निवास की दीवार से जा भिड़ी। सुबह-सवेरे हुए इस हादसे में बंगले की सुरक्षा में तैनात कर्मचारी बाल-बाल बच गए। एयरबैग खुलने की वजह से कार सवारों को चोट नहीं आई, जो घटना के बाद फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, देवती कर्मा का निवास सिविल लाइंस इलाके में है। वहां सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस जवान मोहन लाल मरावी ने थाने में शिकायत की है कि वह रात्रि ड्यूटी में तैनात था। इस दौरान अर्धरात्रि करीब पौने 2 बजे एसआरपी चौक की तरफ से तेज गति से आई कार क्रमांक सीजी 08 एजे 1360 सीधे पूर्व विधायक के निवास की दीवार से जा टकराई। घटना के दौरान मरावी और कुछ अन्य जवान तैनात थे, जो कार की गति देखकर दूर हट गए।

# रविवि एकीकृत परीक्षा भवन का निर्माण, नहीं बची रूसा की राशि, अब कार्यपरिषद से मांगी मंजूरी

- लोक निर्माण विभाग को दी जानी है 64 लाख 21 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा तैयार किए जा रहे एकीकृत परीक्षा भवन के भुगतान के लिए राशि अब रूसा मद में शेष नहीं है। रूसा मद में प्राप्त अनुदान की राशि पूर्णतः समाप्त होने के कारण विवि मद से इसके भुगतान की अनुमति कार्यपरिषद की बैठक में मांगी गई थी। इसके लिए सहमति मिलने के बाद अब विवि द्वारा शेष राशि का भुगतान किया जा सकेगा। इस एकीकृत भवन के निर्माण में 1 करोड़ 42 लाख की लागत रविवि को आई है। इसमें से 64 लाख 21 हजार 742 रूपए का भुगतान किया जाना शेष है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका निर्माण किया गया है। लागत राशि में एक अंश का भुगतान किया जा चुका है, जबकि बड़ी राशि अभी शेष है। गौरतलब है कि रूसा के तहत विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को एक निश्चित राशि विकास और अनुसंधान संबंधित कार्यों के लिए दी जाती है। यह राशि संबंधित संस्थान के ग्रेडिंग के आधार पर तय होती है।

## पं.रविशंकर शुक्ल विवि का मामला, परिसर में ही किया गया है निर्माण

### किराए में दिया जाएगा भवन

इसके अलावा व्यापम, पीएससी, एनटीए तथा अन्य परीक्षा एजेंसियों द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी इस भवन को किराए में दिए जाने की योजना पर काम चल रहा है। इसे हाईटेक रूप से तैयार किया जा रहा है। ताकि कंप्यूटर बेस्ड परीक्षाएं भी यहां आयोजित की जा सकें। सूत्रों अनुसार, परीक्षा भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके लिए किराया सहित अन्य चीजों का निर्धारण भी विवि द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा। 2025 से छात्रों को इस नए भवन की सुविधा मिल सकती है।



### 500 से अधिक छात्र दिला सकेंगे परीक्षा

इस एकीकृत परीक्षा भवन का निर्माण बीते शैक्षणिक सत्र से किया जा रहा है। रविवि द्वारा इसे ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया गया है। रविवि की सेमेस्टर तथा वार्षिक परीक्षाएं अलग-अलग विभागों के कक्ष में आयोजित की जाती रही हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले यूजीसी नेट सहित कई अन्य परीक्षाओं के लिए भी रविवि पृथक-पृथक विभागों में बैठक व्यवस्था करता रहा है। एकीकृत परीक्षा भवन के निर्माण पश्चात एक ही भवन में ये परीक्षाएं हो सकेंगी। इस व्यवस्था से परीक्षा के दौरान अन्य कक्षाएं बाधित नहीं होंगी तथा उनका भी संचालन नियमित रूप से किया जा सकेगा। 500 से अधिक छात्र एक ही बार में यहां परीक्षा दिला सकेंगे।

# शाह ने कहा- छत्तीसगढ़ पुलिस देश की सबसे बहादुर पुलिस

*छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ और राज्य पुलिस के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है।

गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा, राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ तथा देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा।

### शाह ने की छग पुलिस की तारीफ

*अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी और अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटेगी। छत्तीसगढ़ पुलिस ने देश के विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ मिलकर पिछले एक साल में नक्सलवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम किया है। चार दशकों में पहली बार नक्सली हिंसा में नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौत का आंकड़ा 100 से कम हुआ है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल में पूरे देश में नक्सलवाद पर लगाम लगी है।*



- शाह ने किया ऐलान, 31 मार्च 2026 से पहले करेंगे नक्सलवाद का खात्मा
- छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए ऐतिहासिक दिन, शाह ने सौंपा राष्ट्रपति निशान

### नक्सलियों से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील

अमित शाह ने नक्सलियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति की भी सराहना की। उन्होंने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की भी अपील की। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ पुलिस ने बहादुरी के साथ एक साल में नक्सलियों को खत्म करने का संकल्प लिया है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की और कहा, हमारी सरकार ने बहुत अच्छी सरेंडर पॉलिसी बनाई है। मुख्यधारा में आप शामिल हो जाइए। हथियार छोड़ दीजिए. विकास के रास्ते पर आ जाइए और छत्तीसगढ़ के विकास में भी योगदान देना चाहिए।

### नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा, यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के केवल 24 वर्षों में हमारे पुलिस बल को उनकी असाधारण सेवाओं और जनता के प्रति समर्पण के लिए मिला है। यह सम्मान उन्हें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था और विशेष प्रावधान सरकार द्वारा किए गए हैं। हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल ट्रांजिट कैम्प में रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्हें तीन साल तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के तौर पर देने की व्यवस्था की गई है। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख या उससे अधिक के इनामी माओवादी के आत्मसमर्पण करने पर उन्हें आवास हेतु शहरी क्षेत्र में अधिकतम 4 डिसमिल जमीन या ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 1 हेक्टेयर कृषि भूमि दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

# चार संगठनों ने की हक की आवाज बुलंद

## आज विधानसभा घेरने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- तूता के धरनास्थल पर कर्मचारी संगठनों का डेरा

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर रविवार को एक साथ 4 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों ने अपने लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 14 नगर निगम, नगर पंचायत के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी 3 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन पर हैं। लामबंद कर्मचारी 16 दिसंबर को धरनास्थल से विधानसभा का घेराव करने निकलेंगे। वहीं प्रदेशभर के सोसायटियों के धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर, छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त कर्मचारी अधिकारी संघ और छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी महिला, पुरुष महासंघ का आंदोलन जारी है। प्रदेशभर की स्वच्छता दीदी कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं।

### निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी करेंगे विधानसभा घेराव

छत्तीसगढ़ नगरीय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकायों में समायोजनकर विभाग से वेतन भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। रविवार को धरना स्थल पर बस्तर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, रायपुर संभाग के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होकर नारेबाजी कर शासन का ध्यान लंबित मांगों की ओर आकर्षित कराया। प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से रायपुर नगर निगम के जोन दफ्तरों में कामकाज प्रभावित हुआ है। साथ ही मुख्यालय के कामकाज में भी इसका असर दिखने लगा है। सोमवार को लामबंद कर्मचारी धरनास्थल से विधानसभा घेराव करने दोपहर 1.30 निकलेंगे। महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष केएल निषाद ने हरिभूमि को बताया कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# नेशनल फेलोशिप अवार्ड से एचएम विनोद और मनोज हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

- दिल्ली में आयोजित हुआ 40वां राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन

नेशनल फेलोशिप अवार्ड राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में आयोजित किया गया, जहां प्रधानपाठक एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार चेलक और मनोज जाटवर को डॉ. भीम राव आम्बेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रमाण है, बल्कि समाज में उनकी सकारात्मक भूमिका और अद्वितीय योगदान को भी उजागर करता है। विदित हो कि विनोद कुमार चेलक और मनोज जाटवर पेशे से प्रधानपाठक के पद पर शासकीय नवीन प्राथमिक शाला हटौद और



प्राथमिक शाला नवांगव में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। बता दें कि आम्बेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य और सामाजिक जागरुकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। बधाई देने वालों में मिथलेश घृतलहरे, विरेन्द्र चेलक, मोहरसाय, अजय, भूपेन्द्र पटेल, रामसागर कोसले, सुनील चेलक, कमलेश धिरहे, लक्ष्मी दीवान, दिनेश चेलक, प्रदीप जांगड़े, सुरजीत बंजारे, मनोहर रात्रे, संतोष मिरी, साधराम भारद्वाज एवं समाजिक प्रमुखों ने बधाई दी।

# बूढ़ातालाब में रूफ टॉप चौपाटी, नौका विहार के लिए लाएंगे तीन तरह की बोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी के बूढ़ातालाब में री-क्रिएशन जोन को लेकर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी तैयारी में जुट गई है। परिक्रमा पथ में दानी स्कूल के पीछे वाले हिस्से पर रूफ टॉप चौपाटी बनाने का काम शुरू हो गया है, जहां आगंतुकों के लिए खानपान के स्टॉल सहित बूढ़ातालाब का सुंदर नजारा देखने व्यू पाइंट तैयार किया जाएगा। वहीं सरोवर में नौका विहार की सुविधा के लिए तीन तरह की बोट लाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक, ये बोट थ्री सीटर, फोर सीटर और सिक्स सीटर रहेंगी, यानी चौपाटी के साथ नौका विहार का आनंद शहरवासी उठा सकेंगे।

मेट्रो सिटीज की तर्ज पर महानगर का रूप ले रहे रायपुर शहर में तेलीबांधा तालाब परिसर में नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी ने री-क्रिएशन जोन की सुविधा विकसित की है। जहां फूड लैब सहित एडवेंचर और एम्युजमेंट पार्क का मजा लोग उठा रहे हैं। उसी तरह ऐतिहासिक बूढ़ातालाब को भव्यता प्रदान करने और उसे राजधानी के सुंदर दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी ने काम शुरू किया है।

**तैयार हो रहा ढांचा**: तालाब किनारे लाइन फूड जोन के लिए खास तरह का गुमटीनुमा ढांचा तैयार हो रहा है। आने वाले दिनों में यह बदला स्वरूप नजर आएगा। बूढ़ातालाब में फ्लोटिंग डेक भी पूर्व में बनाया गया है, ताकि नीलाभ गार्डन से परिक्रमा पथ वाले मार्ग पर नौका विहार करने वाले आसानी से आना-जाना कर सकें।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## पेज 9 के शेष

### प्लेसमेंट कैम्प से...

शेष आवेदकों को 7 दिवस के अंदर अपने संस्थान में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूषन्स रायपुर द्वारा– कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 100 पद, हेतु 16 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें से 11 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर अपने संस्थान पर 7 दिवस के अंदर उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

### शशिभूषण छत्तीसगढ...

करने वाले कलाकारों, साहित्यकारों, पत्रकार, विभिन्न समितियों, वाइस कलाकर, चित्रकार, चिकित्सकों आदि को सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्षा सुश्री शांता शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए आमंत्रित सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया।

### सुशासन के एक ...

हानि, जनहानि, जनघायल, मकानहानि आदि पर दिए जाने वाली क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि की जानकारी भी दी गई। साथ ही तेन्दूपत्ता प्रति मानक बोरा 5500 रुपए, महतारी वंदन योजना, वन मितान जागृति योजना की जानकारी दी गई। वन क्षेत्र के हितग्राहियों को पात्रतानुसार वन अधिकार पत्रों का वितरण किया जा रहा है।

### 131 वाहन चालकों...

उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। अब तक की कार्रवाई में शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 131 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के माध्यम से निलंबित किया गया है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। निलंबित लाइसेंस धारी के पुनः पकड़े जाने पर लाइसेंस स्थाई रूप से निरस्त किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस की आप सभी से अपील सुरक्षित एवं सुगम मार्ग व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें।

### नपा एवं नपं ...

पंचायत रोहंसी के 15 वार्डों का आरक्षण दोपहर 12 बजे से, नगर पालिका परिषद सिमगा के 15 एवं नगर पंचायत लवन के 15 वार्डों का आरक्षण अपरान्ह 1 बजे से, नगर पंचायत पलारी के 15 एवं नगर पंचायत कसडोल के 15 वार्डों का आरक्षण अपरान्ह 3 बजे से किया जाएगा।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खल्लारी क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम एमके बाहरा और चरौदा के मध्य रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया है। थाना प्रभारी खल्लारी ने जानकारी देते हुए बताया मृतक सफेद-काला इनर, नीले रंग की जींस एवं एप्पल का बेल्ट पहना हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है।

### लोक कला महोत्सव प्रतियोगिता आज

**महासमुंद।** जिले में गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय नर्तक दलों की चयन प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पूर्व माध्यमिक शाला खैरा के मैदान में आयोजित होगी। निर्णायक मंडल की उपस्थिति में नर्तक दल अपनी लोककला प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे होगा। सहायक आयुक्त शिल्पा साय आदिवासी विकास विभाग ने सभी पंजीकृत नर्तक दलों को आयोजन स्थल पर एक घंटे पूर्व उपस्थित रहने को कहा गया है।

### शहर में होगी अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता

**महासमुंद।** जिला क्रिकेट संघ के तत्ववाधान में अंडर 14 इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। यह आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम में ड्यूज बॉल गेंद से खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा केवल महासमुंद एवं गरियाबंद जिले की स्कूल की टीमें ही भाग ले सकती है, जिसके लिए स्कूल के व्यायाम शिक्षक संघ के सदस्य तृपेश साहू, जमशेद रजा, पुष्पेंद्र साहू, आलोक द्विवेदी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

### साहू समाज की बाइक रैली 7 जनवरी को

**रायपुर।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित भामाशाह छात्रावास में विगत दिनों बैठक हुई। जहां राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाइक रैली को लेकर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रदेश संयोजक पवन साहू ने बताया कि बाइक रैली युवा प्रकोष्ठ के साथियों द्वारा निकाली जाएगी, जो कि राजधानी रायपुर के तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होकर राजिम में समाप्त होगी। साथ ही इस बाइक रैली का समाजजनों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए।

### गोस्वामी समाज घर-घर मेल मुलाकात कार्यक्रम

महासमुंद। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा हर वर्ष जिले में निवास करने वाले समस्त गोस्वामी परिवारों के घर जाकर सौजन्य मुलाकात किया जाता है। इसी क्रम में रविवार 15 दिसंबर को समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में रामेंद्र गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, यशवंत गिरि, राजू गिरि आदि पदाधिकारियों ने महासमुंद नगर, मचेवा, बम्हनी, साराडीह, आरंग में रहने वाले गोस्वामी समाज के लोगों के घर जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर महासमुंद में दिनांक 24 व 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय सामाजिक कार्यशाला तथा पारिवारिक सम्मेलन का आमंत्रण भी दिया गया।

# जनसस्या निवारण शिविर में नशा छोड़ने का लिया सामूहिक संकल्प

## नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी घातक है : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

ग्राम नगरदा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सारंगढ़–बिलाईगढ़ कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। शिविर में सत्ताधारी दल के जिला अध्यक्ष सुभाष जालान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर ने लोगों को नशामुक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया और नशा छोड़ने का सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी घातक है। इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। हर व्यक्ति को नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।



### किसान पंजीयन कराकर योजनाओं और अनुदानों का लाभ उठाए

उन्होंने कहा कि किसान पंजीयन कराकर सरकार की योजनाओं और अनुदानों का लाभ उठा सकते हैं। यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने न केवल उनकी समस्याओं को सुना, बल्कि सरकारी योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी दी।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने स्टॉल लगाए और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। लोगों ने राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, रोजगार और अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को साझा किया। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। कलेक्टर धर्मेश साहू ने बताया कि भारत सरकार के पोर्टल पर किसान पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो पूरी तरह निःशुल्क है।

## किसान सम्मान समारोह में शिवरतन ने गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धि

# किसान समृद्ध होगा तो देश भी समृद्धि की राह पर चलेगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि विकसित भारत बनाने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से धान की खेती के साथ-साथ आमदनी बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन, पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़ने का आह्वान किया। शिवरतन शर्मा भाटापारा विधानसभा के ग्राम तरेंगा में आयोजित किसान सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कृषि और सहकारिता से ही भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होगा। किसान समृद्ध होगा तो देश भी समृद्धि की राह पर चलेगा। हमारी इसी सोंच को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट में खेती किसानी को सबसे आगे रखा है। उनके बजट में गरीब अन्नदाता के जीवन में ख़ुशी लाने इमानदारी से प्रयास किया गया है। आज उन्हीं की प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना को भी किसानों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक क्रांतिकारी योजना के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित ही अब खेती किसानी के दिन बदलें और देश की खुशहाली का मार्ग खेतों की मेढ़ों से होकर गुजर रहा है।

शिवरतन ने कहा कि अन्नदाता किसानों की सेवा के लिए सरकार संकल्पित है। यही वजह है कि उनकी खेती-किसानी का लागत मूल्य कम करने के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर नई-नई योजनाएं लेकर आ रहे हैं। हमारी भाजपा सरकार द्वारा दिया जा रहा धान पर बोनस भी अन्नदाताओं के परिश्रम का ही सम्मान है।

किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम के साथ ही शिवरतन शर्मा ने ग्राम तरेंगा में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में बने अतिरिक्त कक्ष, हाई स्कूल आहाता, साहू पारा में बने रंगमंच, सेगरी केशन का लोकार्पण एवं चक्रधारी समाज भवन में बनने वाले आहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। साथ ही मितानिनों, बिहान योजना में कार्यरत लोगों एवं स्वच्छता प्रभारी बहनों का भी सम्मान किया।

इस अवसर पर सुनील यदु, डब्लू सिंह, सतीश सोनी, पवन वर्मा, डिगेश्वर साहू, फागु ध्रुव, रेखा राम वर्मा, जयंत लाल चेलक, धनेश साहू, देवचरन, जलेश्वर यदु, टेकराम साहू, मनहरण साहू, आनंद देवांगन, हरिचरण यदु, छन्नू साहू, नीलकंठ, दशरथ, परमेश्वर, वीरेंद्र, भीखू सहित बड़ी संख्या में कृषक सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल में हुई अलग-अलग प्रतियोगिताएं

**मुंडा।** ग्राम पैजनी के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में छत्तीसगढ़ सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें प्रथम दिवस क्वीज प्रतियोगिता, द्वितीय दिवस पेंटिंग एवं तृतीय दिवस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें शाला के बच्चों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, मां दुर्गा के नवरूप, राधाकृष्ण, सुदामा, छात्र , शिक्षक, शिक्षिका, डॉक्टर, पोस्टमैन, किसान, मजदूर, आदिवासी, पंजाबी, बंगाली वेशभूषा एवं उनके रहन–सहन आदि से संबंधित पात्र बनकर बच्चों ने अभिनय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बलौदा बाजार भाटापारा जिले के जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, जनपद सदस्य ललिता यदु एवं गांव के सरपंच हलधर वर्मा ने सभी पात्र रूपी बच्चों के अभिनय को देखकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके कार्यों की सराहना की एवं शाला के सभी बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने एवं नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारू दास बांधे, ग्राम पंचायत सचिव मनोज धृतलहरे, पूर्व सरपंच अनिता वर्मा, ग्राम प्रमुख कांशीराम यदु, पंच केंवरा वर्मा, निर्मला वर्मा, लकेशरी वर्मा, दिनेश वर्मा, उत्तरा यदु, गणमान्य नागरिक, टीकाराम साहू, नोखराम वर्मा, नंदेलाल वर्मा, लीलाराम वर्मा, प्रमोद वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुंदरौतिन वर्मा, लोकमती सोनवानी, अन्तोषी वर्मा, उत्तरा यादव, मितानिन उमा वर्मा, रेखा वर्मा, कमलेश भारद्वाज, शिक्षकों में लोमश कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, अरुण कुमार रात्रे, नरेंद्र कुमार साहू, सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, हुलसी वर्मा, गीतांजली पटेल, मनोज वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा व रसोईया उपस्थित थे।

■ प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम



# गणित दिवस पर हुई मॉडल प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय गणित दिवस पर मानसिक गणित चुनौती, गणित मॉडल प्रतियोगिता, गणितीय प्रदर्शनीय, संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रम, व्याख्यान प्रतियोगिता तथा जनजागरूकता अभियान का आयोजन पं. चक्रपानी विद्यालय में किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना, गणित का भय समाप्त करना तथा गणित की गरिमा और उपयोगिता का प्रचार–प्रसार करना है। उक्त विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में बलौदाबाजार के विभिन्न शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। गणितीय क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्वा. आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम अर्जुनी, द्वितीय पं.चक्रपानी एवं तृतीय स्वा.आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम रहा।

गणितीय मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनालिसा बंजारे पं.चक्रपानी, द्वितीय स्थान खुशी वर्मा भारतीय विद्या मंदिर रवान एवं तृतीय स्थान पर भूमिका वर्मा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मा.लाहोद रहे। गणितीय प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर हर्षिता रजवार भारतीय विद्या मंदिर रवान, द्वितीय स्थान पूर्णिमा वर्मा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मा.लाहोद एवं तृतीय स्थान पर झरना साहू भारतीय विद्या मंदिर रवान रहे। गणितीय व्याख्यान में प्रथम स्थान तरूण कुमार यादव पं. चक्रपाणी, द्वितीय स्थान अभिजित पटेल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मा.लाहोद एवं तृतीय स्थान पूर्णिमा साहू पं. चक्रपाणी उ.मा.वि.बलौदाबाजार रहा। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य बी.सिंग, कैलाश साहू सहा.विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार, कौशिकमुनी त्रिपाठी प्राचार्य स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मा.लाहोद, हेमंत साहू, नंद लाल वर्मा व्याख्याता गणित एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### केवि में बैगलेस डे का द्वितीय चरण शुरू हुआ

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में कक्षा छठवीं से आठवी तक के विद्यार्थियों के लिए 5 दिवसीय बैगलेस डे के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई। इस चरण के प्रथम दिन ब्यूटीशियन भारती साहू द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने स्वस्थ्य त्वचा के लिए संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार की जानकारी दी। साथ ही उन्होने टैनिंग, पिंपल, डैंड्रफ, कम उम्र में बाल सफेद होना, स्किन ड्राइनेस आदि से संबंधित जानकारी बच्चों को प्रदान की। उन्होंने बच्चों की जिज्ञासा को शांत करते हुए बहुत सारे प्रश्नों के उत्तर दिए। कुछ घरेलू नुस्खों से बालों की देखभाल कर डैंड्रफ आदि से कैसे छुटकारा मिल सकता है एलोविरा का उपयोग कर बालों को मसाज देना, पिंपल के लिए पानी अच्छे से पीना और मैदा को न खाने की सलाह दी। उन्होंने साथ में लाए कुछ उपकरण जैसे हेयर ड्रायर, हेयर स्पा के लिए आदि का उपयोग करके बताया।

# परसाडीह शाला में मनाया गया शहीद वीर नारायण सिंह का शहदत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



जनजाति गौरव उत्कर्ष योजना के तहत ग्राम परसाडीह के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और मौन धारण किया। प्रधान पाठक दौलत कुंजाम ने बच्चों के बीच शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन गाथा पर प्रकाश डाला एवं विद्यालय के मुस्कान पुस्तकालय में उपलब्ध अनेक शहीदों के जीवन परिचय को पढ़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया। विद्यालय में ऐसी अनेक पुस्तकें है, जिससे विद्यार्थी अपने जीवन को संवार सकते हैं। विद्यार्थी जीवन में ऐसे अनेक खराब परिस्थितिया आती है। इन खराब परिस्थितियों से सफलता प्राप्त करने के लिए एकमात्र साधन शिक्षा होता है और शिक्षा से ही अपने हर खराब परिस्थितियों को सुधारा जा सकता है। जब शिक्षा के क्षेत्र में हमारी स्थिति अच्छी रहेगी तो देश प्रदेश और समाज का विकास ही होगा। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमिला ध्रुव एवं शाला के प्रधान पाठक दौलत कुंजाम तथा शिक्षक दयाशंकर सोनी, विजय ध्रुव, तनु मधु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता टिकेश्वरी ध्रुव, नर्मदा ध्रुव, धर्मपाल ध्रुव, सेवती ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# दिव्यांग कलाकार एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान समारोह का आयोजन के साथ ही समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत मुड़पार एवं दतान (प) विकासखंड पलारी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग कलाकारों,खिलाड़ी को ग्राम सरपंच एवं सचिव के माध्यम से शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत दतान (प) में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के अन्तर्गत कुल 42 दिव्यांगजनों को युड़ीआईडी कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई, जिसमें उपस्थित हुए दिव्यांगजनों की विशिष्ट पहचान पत्र अर्थात युनिक आईडी कार्ड बनाने का कार्य पंचायतों में किया गया है। युनिक आईडी कार्ड से दिव्यांगजनों को अगर किसी योजना से लाभन्वित किया जाना है, तो शासन द्वारा यह विशिष्ट पहचान पत्र ऑनलाइन किया गया है। आयोजन में उपस्थित हुए वरिष्ठजनों को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। यह भी ज्ञात कराया गया कि सभी पेंशनधारियों को सरकार द्वारा 500 रुपये मासिक प्रदाय किया जा रहा है। पेंशन प्रदाय करने से वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों को आर्थिक रुप से सक्षम किया जाता है एवं अपने दैनिक खर्च इस राशि का उपयोग कर किया जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दतान (प) एवं मुड़पार के सरपंच, उपसरपंच, सचिवगण एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी अरविन्द गेडाम एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनिल बने युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

**खरोरा।** प्रदेश साहू संघ कार्यालय भामाशाह में संभागीय युवा प्रकोष्ठ का बैठक हुई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। पूर्व में मनोनीत पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। अनिल साहू को पूर्व में मिले सामाजिक दायित्वों का समाज के प्रति उनके समर्पण, कर्मठता, निष्ठा एवं जागरूकता को देखते हुए रायपुर संभाग के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रदान की। गौरतलब हो कि अनिल सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहते हुए समाज की आवाज को उठाते रहते हैं। उन्हें समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उपाध्यक्ष बनाया गया है। बधाई देने वालों में रायपुर संभाग के अध्यक्ष प्रफुल्ल साहू, कार्यकरणीय अध्यक्ष दिवाकर साहू, कोषाध्यक्ष नीलूराम साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, यशवंत साहू, युवराज साहू, राजीव साहू, आर्यन साहू, संगठन सचिव मनोज साहू, दिलीप साहू, डिगेश साहू, राजू साहू, यशवंत साहू शामिल हैं।



एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
10 जनवरी 2025
19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511